हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

11 2.78 करोड़ की लागत से 7 किमी नई सीवरेज लाइन डलेगी...



12 बिना आंकड़ों की समीक्षा, गेहूं खरीद बैठक में दावों की भरमार...




**खबर संक्षेप**

### हेरोइन के साथ रतिया के दो युवक काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस की मुहिम के तहत अपराध जांच शाखा को कामयाबी मिली है। सीआईए टीम ने रतिया-फतेहाबाद रोड पर नाकेबंदी के दौरान दो युवकों को प्रतिबंधित नशीले पदार्थ हेरोइन के साथ दबोचा है। सीआईए प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि उनकी टीम बीती रात गश्त पर थी। जब टीम गांव भरपूर टी-पॉइंट के पास पहुंची, तो फतेहाबाद की ओर से आ रहे एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पुलिस की गाड़ी देखकर घबरा गए।

### धोखाधड़ी के आरोपी को यूपी से किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद की साइबर क्राइम पुलिस ने ऑटो डेबिट फ्रॉड के माध्यम से 66 हजार रुपये की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के निवासी पवनिश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की गई राशि में से 3500 रुपये बरामद कर लिए हैं।

### दुष्कर्म कर वीडियो किया वायरल, आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** महिला थाना फतेहाबाद पुलिस ने ब्लैकमेलिंग, दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने के गंभीर मामले में एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान कैथल जिले के गांव क्योडक़ निवासी नरेश कुमार के रूप में हुई है। महिला थाना प्रभारी अरुणा ने बताया कि पीड़िता के अनुसार आरोपी ने उसे नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और इस दौरान उसकी अश्लील वीडियो बना ली।

### बस स्टैंड पर जेब काटने वाला शातिर चोर पकड़ा

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बस में भीड़ का फायदा उठाकर जेब काटने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रोहिताश कुमार शर्मा उर्फ बंटी निवासी शिव नगर, सिरसा के रूप में हुई है, जो मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है।

### पॉश एक्ट के बारे में किया जागरूक

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार को बरनाला रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि कैंप में लीगल ऐड सर्विसेज, एडीआर मेकेनिजम, मिडिएशन 2.0 एवं पॉश एक्ट के बारे में प्रशिक्षणार्थियों व उपस्थित को जागरूक किया गया।

### पूर्व सांसद आज पदयात्रा को दिखाएंगे हरी झंडी

**सिरसा।** जिले में आगामी 16 अप्रैल को नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के क्रियान्वयन के लिए महिलाओं को जागरूक करना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सचेत करना है। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने बताया कि यह कार्यक्रम शहीद भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जहां से एक भव्य पदयात्रा की शुरुआत होगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल द्वारा हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया जाएगा। यह पदयात्रा शहीद भगत सिंह स्टेडियम से शुरू होकर बाबा भुम्मण शाह चौक, बरनाला रोड से होते हुए नेशनल कॉलेज में समाप्त होगी।

## कल फिर मौसम ले सकता है करवट, पश्चिमी विक्षोभ से होगा मामूली बदलाव

*अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा*

# गर्मी की मार : सिविल अस्पताल में बदला ओपीडी का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अप्रैल माह अभी आधा ही बीता है और गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बुधवार को जिले में अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया, जबकि शाम के समय हल्की बादलवाई से मौसम में मामूली बदलाव देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल गुरुवार को भी मौसम साफ और शुष्क रहने के आसार हैं। हालांकि 17 व 18 अप्रैल को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में हल्का बदलाव हो सकता है। इस दौरान आंशिक बादल छाने, हल्की से मध्यम गति की हवाएं चलने और कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है। जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। तापमान में तेजी से हो रही बढ़ोतरी के बीच सिविल अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की सुविधा और लू यानि हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ओपीडी के समय में बदलाव किया है। आज से अस्पताल की ओपीडी सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित की जाएगी। विशेषज्ञों के मुताबिक राजस्थान क्षेत्र में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने से मौसम में यह बदलाव देखने को मिलेगा। साथ ही अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है।






**फतेहाबाद।** नागरिक अस्पताल व गर्मी के चलते दोपहर को सुनसान पड़ा बाजार। फोटो : हरिभूमि

### किसानों और बागवानों के लिए जरूरी सलाह

बढ़ती गर्मी और शुष्क मौसम को देखते हुए कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। फलों के बागों में हल्की लेकिन नियमित सिंचाई करना जरूरी है, ताकि पौधों पर गर्मी का असर कम पड़े। साथ ही खाद प्रबंधन को संतुलित बनाए रखें। तेज हवाओं की संभावना को देखते हुए खेतों में कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर बांधकर रखने की सलाह दी गई है, ताकि नुकसान से बचा जा सके। मौसम में संभावित बदलाव को ध्यान में रखते हुए फिलहाल नई बुवाई और कीटनाशक स्प्रे जैसे कार्य टालने के लिए कहा गया है। गर्मी बढ़ने के साथ पशुओं पर भी हीट स्ट्रेस का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में पशुओं को दिन के समय छांव में रखें और स्वच्छ व पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएं।

### गर्मी को देखते हुए अस्पताल में किए इंतजाम

- ओपीडी समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे बदला
- वार्डों में कूलर लगाए गए
- ओआरएस पैकेट उपलब्ध कराए गए
- वाटर कूलरों की मरम्मत जारी

### लू से बचाव के उपाय

- दोपहर 12 से 3 बजे तक बाहर निकलने से बचें
- ज्यादा से ज्यादा पानी और तरल पदार्थ लें
- सिर को ढककर रखें, हल्के कपड़े पहनें
- चक्कर, उल्टी या कमजोरी होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें

### आगे कैसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार 17-18 अप्रैल को हल्के बदलाव के बाद 19 और 20 अप्रैल को फिर से मौसम साफ और शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान दिन का तापमान बढ़ेगा, जबकि रात के तापमान में हल्की गिरावट आ सकती है। कुल मिलाकर आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने के संकेत हैं, ऐसे में आमजन के साथ किसानों को भी सतर्क रहने की जरूरत है।

### मरीजों की सुरक्षा में सतर्कता

**फतेहाबाद।** जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। तापमान में तेजी से हो रही बढ़ोतरी के बीच सिविल अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की सुविधा और लू यानि हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ओपीडी के समय में बदलाव किया है। आज से अस्पताल की ओपीडी सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित की जाएगी। पहले यह समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक था। अस्पताल प्रशासन का मानना है कि सुबह जल्दी ओपीडी शुरू होने से मरीज तेज धूप और गर्म हवाओं से बच सकेंगे। डिप्टी सीएमओ डॉ. बुधराम ने बताया कि गर्मी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है ताकि लू के मामलों को रोका जा सके।

# अवैध कनेक्शन काटने गई टीम को ग्रामीणों ने घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के रतिया खंड के गांव खुम्बर में अवैध जल कनेक्शन काटने पहुंची जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम पर ग्रामीणों द्वारा हमला करने और धमकी देने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, पोर्टल पर मिली शिकायत के आधार पर एक खाली प्लॉट में अवैध कनेक्शन की जांच के लिए जनस्वास्थ्य विभाग की टीम भेजी गई थी। खंड संयोजक पृथ्वीपाल के नेतृत्व में टीम ने मौके पर कार्रवाई पूरी की, लेकिन जैसे ही कर्मचारी बूस्टिंग स्टेशन पर वाल्व खोलने पहुंचे, गांव के रविन्द्र उर्फ घोलू ने कुछ महिलाओं के साथ मिलकर कर्मचारियों को घेर लिया। आरोप है कि आरोपी ने टीम के साथ गाली-गलौज की, हाथापाई करने की कोशिश की और जान से मारने की धमकी दी।



उपमंडल अभियंता आंचल जैन।

### पुलिस को शिकायत देने का लिया फैसला

उपमंडल अभियंता आंचल जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि मामले की लिखित शिकायत पुलिस को दी जाएगी। अधिकारियों ने साफ कहा कि सरकारी कार्य में बाधा और कर्मचारियों पर हमले को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्मचारी यूनियन के जिला अध्यक्ष शमशेर सिंह कुंडू ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जिला स्तर पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। कर्मचारियों ने कहा कि सुरक्षा के बिना फील्ड में काम करना मुश्किल हो रहा है और ऐसी घटनाएं पेयजल आपूर्ति को प्रभावित कर सकती हैं। उनकी मांग है कि दोषियों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज हो, फील्ड कर्मचारियों को सुरक्षा दी जाए। बैठक में शर्मा चंद लाली, सुभाष चन्द्र, अमनदीप सिंह, छोटू राम, दलबीर सिंह और राम मेहर सिंह सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### बाढ़ राहत कार्यों के लिए एसडीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

**रतिया।** बरसात के मौसम से पहले बाढ़ से बचाव कार्यों के लिए एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने बुधवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रतिया सब-डिवीजन में मानसून से पहले बाढ़ राहत के पुख्ता इंतजाम करने और रिहायशी इलाकों के लिए उचित व्यवस्था करने को कहा ताकि मानसून के मौसम के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सकें। उन्होंने बैठक में संबंधित अधिकारियों को बाढ़ बचाव को लेकर फिल्ड में दौरा करने, रिंग बाधों की स्थिति का अवलोकन कर मरम्मत की कार्रवाई प्राथमिकता पर सुनिश्चित करने, पंम्पिग सेट्स की स्थिति जांच कर उपकरण क्रियाशील रखने, दवाईया वितरण हेतु पूर्ण तैयारियां रखने, सीवर व नालियों आदि की सफाई तथा पानी निकासी के प्रबंध करने के निर्देश दिए।

## कांग्रेस की बैठक के चलते सांसद सैलजा का फतेहाबाद दौरा रद्द, दिशा मीटिंग टली

*कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मायूस लौटना पड़ा*

**फतेहाबाद।** सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा का बुधवार को प्रस्तावित फतेहाबाद दौरा अचानक रद्द हो गया है। दिल्ली में पार्टी की एक महत्वपूर्ण विशेष बैठक बुलाए जाने के कारण सांसद को अपने सभी स्थानीय कार्यक्रम स्थगित कर बीच रास्ते से ही दिल्ली के लिए रवाना होना पड़ा।

सांसद कुमारी सैलजा के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, उन्हें बुधवार सुबह फतेहाबाद के पुराना रेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करनी थी। इसके पश्चात, लघु सचिवालय स्थित डीपीआरसी हॉल में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करनी थी। दौरा रद्द होने की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों और सुबह से ही रेस्ट हाउस में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मायूस लौटना पड़ा। अब प्रशासन द्वारा दिशा कमेटी की बैठक के लिए नया शेड्यूल जारी किया जाएगा।



सांसद कुमारी सैलजा।

### नहीं हुई प्रगति समीक्षा

बता दें कि आज होने वाली दिशा कमेटी की इस बैठक का एजेंडा काफी विस्तृत था, जिसमें केंद्र सरकार की करीब दो दर्जन जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जानी थी। इनमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, रेलवे और नेशनल हाईवे अथॉरिटी के चल रहे प्रोजेक्ट्स के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण व शहरी), उज्ज्वला योजना, मनरेगा, दीनदयाल अंत्योदय योजना और मिड-डे मील, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान और पीएम मातृत्व वंदना योजना तथा जल जीवन मिशन, पीएम कृषि सिंचाई योजना और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शामिल हैं।

## अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने राजस्थान के दो आरोपी पकड़े

*16 मोटरसाइकिल बरामद, हरियाणा व राजस्थान में दिया घटनाओं को अंजाम*

- राजस्थान निवासी पवन सैनी की शिकायत पर कार्रवाई

**डबवाली।** पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह को बेनकाब करते हुए राजस्थान के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा 16 मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ हरियाणा व राजस्थान में कई मामले दर्ज हैं। डबवाली के डीएसपी योगेश कटारिया ने बुधवार को प्रेसवार्ता में इसका खुलासा करते हुए बताया कि आरोपियों ने डबवाली क्षेत्र में बाइक चोर की तीन वारदातों को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान राजस्थान निवासी राजदीप सिंह व परमजीत सिंह के रूप में हुई है। डीएसपी योगेश कटारिया ने बताया कि राजस्थान के संगरिया निवासी पवन सैनी ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसका मोटरसाइकिल चौटाला रोड मंडी डबवाली से चोरी हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज किया और शहर डबवाली व स्पेशल स्टाफ स्टाफ प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने सुराग जुटाकर गांव अलीकां से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गिरोह के सदस्य है और अब तक कई बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। रिकॉर्ड खंगाला गया तो आरोपियों के खिलाफ हरियाणा व राजस्थान में भी चोरी के कई मामले दर्ज पाए गए।



**सिरसा।** पकड़े गए वाहन चोर गिरोह के सदस्य।

*पांच हजार की नकदी बरामद*

## स्नेचिंग गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने स्नेचिंग गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने पांच हजार रुपये की नकदी बरामद करते हुए उनके एक अन्य साथी की भी पहचान की है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बुधवार को बताया कि आरोपियों की पहचान सिरसा निवासी आयुष व साहिल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सिरसा निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान एक नकाबपोश युवक आया और उसके कानों की बालियां छपट कर फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की। जांच के दौरान पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए छीना-छपटी की वारदात में संलिप्त आरोपी आयुष व साहिल को गिरफ्तार कर लिया है।



स्नेचिंग गिरोह के आरोपी।

## नाइट डोमिनेशन अभियान: 210 वाहनों को जांचा, 17 वाहनों के काटे चालान

- अभियान के दौरान बॉर्डर एरिया में सघन चैकिंग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के तहत जिला के बॉर्डर एरिया में सघन चैकिंग की गई तथा जिला में प्रवेश करने वाले संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी गई। रात्रि में चले डोमिनेशन अभियान के तहत 210 वाहनों को चेक कर 17 वाहनों के चालन किए गए। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि नाइट डोमिनेशन अभियान का मुख्य उद्देश्य रात्रि के समय अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर, गश्त बढ़ाकर तथा विशेष टीमें गठित कर लगातार निगरानी रखी जाती है, जिससे आपराधिक तत्वों में भय बना रहे और वे किसी भी प्रकार की वारदात को अंजाम न दे सकें। उन्होंने यह भी कहा कि सिरसा पुलिस समय-समय पर इस प्रकार के अभियान चलाती रहती है, ताकि कोई भी अपराधी पुलिस की नजर से बच न सके।



**सिरसा।** नाइट डोमिनेशन अभियान के तहत वाहन चालकों की जांच करते हुए।

*21 से 25 अप्रैल तक भरे जा सकेंगे नामांकन*

## टोहाना नगर परिषद वार्ड 17 में उपचुनाव की तैयारियां शुरू

- 10 मई को शांतिपूर्ण ढंग से होगा मतदान : एसडीएम

**टोहाना।** नगर परिषद, टोहाना के वार्ड नंबर 17 के सदस्य पद हेतु उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उपमंडलाधीश एवं रिटर्निंग अधिकारी आकाश शर्मा ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा 13 अप्रैल को जारी अधिसूचना के अनुपालन में प्रशासन ने इस चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। एसडीएम आकाश शर्मा ने चुनाव शेड्यूल की जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव लडऩे के इच्छुक उम्मीदवार 21 अप्रैल मंगलवार से 25 अप्रैल शनिवार तक प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की संवीक्षा, नाम वापसी और चुनाव चिह्न आवंटन की सभी प्रक्रियाएं भी कमरा नंबर 5 में ही सुचारू रूप से पूरी की जाएंगी। मतदान प्रक्रिया के संबंध में एसडीएम ने बताया कि वार्ड नंबर 17 के लिए मतदान 10 मई रविवार को प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से करवाया जाएगा।

*1-30 मई तक मकानों की गणना और जानकारी का सत्यापन किया जाएगा*

# स्व-गणना पोर्टल खुला, नागरिक 30 अप्रैल तक ऑनलाइन भर सकते हैं जनगणना फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा राज्य में स्व-गणना प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया 30 अप्रैल 2026 तक संचालित की जा रही है। इस अवधि के दौरान नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपनी जनगणना संबंधी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि स्व-गणना के पश्चात 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा, जिसमें प्रगणक नागरिकों द्वारा भरी गई जानकारी का सत्यापन करेंगे। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि स्व-गणना प्रणाली डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से हरियाणा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक कहीं से भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। यह सुविधा सभी जिलों में उपलब्ध होगी और मोबाइल, टैबलेट या कंप्यूटर के माध्यम से आसानी से उपयोग की जा सकेगी। प्रत्येक परिवार को एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी, जिसका उपयोग सत्यापन के समय किया जाएगा।



डीसी डॉ. विवेक भारती।

### 33 प्रश्नों से जुटाई जाएगी जानकारी

स्व-गणना प्रपत्र में लगभग 33 प्रश्न शामिल होंगे, जिनमें परिवार के सदस्यों का विवरण, मकान की स्थिति (ग्रामीण/शहरी), पेयजल, बिजली, स्वच्छता, शिक्षा व सामाजिक-आर्थिक जानकारी शामिल होगी। मोबाइल नंबर देना अनिवार्य रहेगा। डीसी ने बताया कि इस बार जनगणना में आधुनिक जीवनशैली से जुड़े पहलुओं को भी शामिल किया गया है, जैसे, इंटरनेट व स्मार्टफोन की उपलब्धता, टीवी, रेडियो, कंप्यूटर/लैपटॉप, वाहन, डिजिटल कनेक्टिविटी शामिल हैं। डॉ. भारती ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दी गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रखी जाएगी। इन आंकड़ों का उपयोग केवल सांख्यिकीय एवं विकासात्मक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

## जनगणना: प्रथम चरण के लिए एन्यूमरेटर और सुपरवाइजर को दिया गया प्रशिक्षण

- यूजर मैनेजमेंट सिस्टम और अकाउंट क्रिएशन पर मास्टर ट्रैनर्स ने जानकारी दी

**फतेहाबाद।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं गणना (हाउस लिस्टिंग) कार्य को लेकर डाइट मताना तथा एमएम कॉलेज में एन्यूमरेटर और सुपरवाइजर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जानकारी जनगणना कार्य के नोडल अधिकारी एवं सीटीएम गौरव गुप्ता ने देते हुए बताया कि जनगणना का यह प्रथम चरण अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके तहत प्रत्येक मकान एवं परिवार से संबंधित आवश्यक आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। इस कार्य को प्रभावी और त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को यूजर मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें यूजर अकाउंट निर्माण, एडमिन एवं जनरल यूजर की भूमिकाएं, ट्रेनर्स, एन्यूमरेटर और सुपरवाइजर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ सिंगल एवं बल्क अकाउंट क्रिएशन की प्रक्रिया को समझाया गया। सीटीएम गौरव गुप्ता ने कहा है कि सभी एन्यूमरेटर और सुपरवाइजर प्रशिक्षण में दी जानकारी को गंभीरता से लें।



**फतेहाबाद।** जनगणना कार्य के लिए एन्यूमरेटर और सुपरवाइजर के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी देते हुए मास्टर ट्रेनर्स।

## खबर संक्षेप

### 6 दिवसीय विशेष योग शिविर शुरू

**फतेहाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग फतेहाबाद के संयुक्त तत्वाधान में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम, फतेहाबाद में दिव्यांग व वृद्ध महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 6 दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा, जिला कोऑर्डिनेटर डॉ. भारती चौहान तथा योग विशेषज्ञ डॉ. अंबिका पांटा के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को स्वास्थ्यवर्धक एवं सरल योग अभ्यास कराए जा रहे हैं, जो विशेष रूप से दिव्यांग एवं वृद्ध महिलाओं के लिए लाभकारी हैं। शिविर में कंधों व गर्दन के व्यायाम के साथ-साथ ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया जा रहा है।

### 26 तक बिना विलंब शुल्क के साथ भरें फॉर्म

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में स्थापित इग्नू स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इग्नू की जून 2026 में होने वाली परीक्षाओं का ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए पोर्टल खुला हुआ है। विद्यार्थी अपने फॉर्म आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर अपना ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं। परीक्षा फार्म जमा करने के लिए पोर्टल 26 अप्रेल 2026 तक बिना लेट फीस के साथ खुला रहेगा। इग्नू की जून 2026 की परीक्षाओं का आयोजन 1 जून से 15 जुलाई, 2026 (संभावित तिथियां) तक किया जाएगा।

### संविधान में समानता के अनुच्छेदों पर हुई चर्चा

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मोर्निंग असेंबली और नेशनल एवं इंटरनेशनल डे सेलीब्रेशन क्लब द्वारा डॉ. अंबेडकर जयंती पर समानता के सामान अनुच्छेद 14 से 18 पर चर्चा कराई गई। प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने बताया कि भारतीय संविधान के भाग 3 में वर्णित मौलिक अधिकारों के अंतर्गत समानता का अधिकार एक आधारभूत स्तंभ हैं, जो हमें सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों की गहराई के बारे में जागरूक करता है। डॉ. अंबेडकर ने इन्हीं अधिकारों को भारतीय संविधान की आत्मा माना था। समानता का अधिकार अनुच्छेद 14 से 18 पर आयोजित समीक्षा गोष्ठी में विभिन्न विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### सीटू का डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन आज

**हिसार।** सीटू से जुड़े मजदूर संगठन 16 अप्रैल को अपनी मांगों को लेकर डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन के माध्यम से एनसीआर के लिए एक समान न्यूनतम वेतन की मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इसके अलावा मानेसर आंदोलन में गिरफ्तार मजदूरों की रिहाई की मांग की जाएगी। यह जानकारी देते हुए सीटू जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार व जिला सचिव मनोज कुमार ने कहा कि सरकार व प्रशासन मजदूरों की खराब हालत को सुधारने के लिए कदम उठाए। अभी तक उसका रुख मजदूरों का दमन करने का रहा है।

## जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात, टेंडर प्रक्रिया शुरू

# 2.78 करोड़ की लागत से 7 किमी नई सीवरेज लाइन डलेगी

**शहर की सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जलभराव से निजात दिलाने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग ने कसी कमर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

रतिया शहर के निवासियों के लिए राहत भरी खबर है। शहर की सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जलभराव जैसी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। प्रदेश सरकार द्वारा मंजूर की गई करीबन 2.78 करोड़ रुपये की परियोजना के तहत शहर में 7000 मीटर नई सीवरेज लाइन डाली जाएगी। इस कार्य के लिए विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जन स्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अधिकारी आंचल जैन ने एक बैठक के दौरान बताया कि विभाग ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए टेंडर लगा दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी दो सप्ताह के भीतर टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और आवंटित ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन बिछाने का काम धरातल पर शुरू कर दिया जाएगा। इस बैठक के दौरान कनिष्ठ अभियंता अमनदीप सिंह और छोटू राम भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



रतिया। सीवरेज लाइन को लेकर चर्चा करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### खस्ताहाल लाइनों को बदला जाएगा

*खस्ताहाल लाइनों को बदला जाएगा, नई कॉलोनियों को मिलेगा लाभ योजना के तहत शहर की उन विभिन्न कॉलोनियों में 8 इंच की नई सीवरेज पाइपलाइन डाली जाएगी जहां स्थिति बेहद खस्ताहाल है या जहां अभी तक यह सुविधा नहीं पहुंची है। विभाग का लक्ष्य है कि तकनीकी रूप से संभव क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाकर सीवरेज निकासी को दुरुस्त किया जाए। एसडीओ आंचल जैन ने स्पष्ट किया कि यह सीवरेज लाइन केवल नगर पालिका के वैध क्षेत्रों में ही डाली जाएगी। इसके लिए विभाग ने रतिया नगर पालिका को पत्र लिखकर आधिकारिक जानकारी मांगी है कि कौन सा क्षेत्र वैध है और कौन सा अवैध। यह स्पष्टता मिलते ही सर्वे के अनुसार काम को गति दी जाएगी। इस परियोजना के पूरा होने से शहर के हजारों परिवारों को सीवरेज ओवरफ्लो और गंदगी की समस्या से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।*

### सर्वे के आधार पर तैयार हुआ प्रस्ताव

जानकारी के अनुसार, रतिया शहर के कई इलाकों में अभी तक सीवरेज लाइन नहीं बिछाई गई थी, जिसके कारण स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शहरवासियों की मांग और उनके द्वारा दिए गए ज्ञापनों के बाद जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शहर का व्यापक सर्वे किया था। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर 7000 मीटर यानि 7 किलोमीटर लंबी नई पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा गया था, जिसे प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है।

# प्रदूषण पर कड़ी सख्ती : योग नगर में 'श्री दुर्गा प्लास्टिक' इकाई सील

## बिजली-पानी कनेक्शन कटे, लोगों ने फैसले का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने फतेहाबाद में पर्यावरण नियमों की अनदेखी करने वाली इकाइयों के खिलाफ बड़ा एक्शन लेते हुए योग नगर औद्योगिक क्षेत्र में संचालित 'श्री दुर्गा प्लास्टिक' फुटवियर निर्माण इकाई को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। बोर्ड की इस कार्रवाई के बाद फैक्ट्री में उत्पादन पूरी तरह बंद हो गया है और इलाके में अन्य उद्योगों में भी हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, बोर्ड के चेयरमैन विनीत गर्ग के निर्देश पर टीम ने फैक्ट्री परिसर में पहुंचकर प्लांट, मशीनरी और जनरेटर को सील किया। जांच में सामने आया कि इकाई बिना आवश्यक विभागीय अनुमति के संचालित हो रही थी और जल व वायु प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े नियमों का खुला उल्लंघन कर रही थी।

बोर्ड अधिकारियों ने बताया कि 12 जनवरी 2026 को किए गए औचक निरीक्षण में कई गंभीर खामियां पाई गई थीं। इसके बाद 20 जनवरी को संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके चलते बोर्ड ने सख्त रुख अपनाते हुए इकाई को बंद करने का फैसला लिया। कार्रवाई के दौरान दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीमों ने भी मौके पर पहुंचकर फैक्ट्री के बिजली और पानी के कनेक्शन काट दिए। बोर्ड ने संबंधित विभागों को तीन दिन के भीतर अनुपालन रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि इकाई दोबारा चालू न हो सके।

एसडीओ रमित शर्मा ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि पर्यावरण से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी उद्योग बिना अनुमति या प्रदूषण फैलाते हुए पाया जाएगा, उसके खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही 'श्री दुर्गा प्लास्टिक' के खिलाफ कानूनी केस दर्ज करने के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या बढ़ रही थी, जिससे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा था। फैक्ट्री से निकलने वाला धुआं और अपशिष्ट आसपास के वातावरण को प्रभावित कर रहा था। ऐसे में प्रशासन की यह कार्रवाई राहत देने वाली है।

इस पूरे मामले ने साफ कर दिया है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अब नियमों को लेकर किसी भी तरह की ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है। आने वाले समय में अन्य औद्योगिक इकाइयों पर भी इसी तरह की कार्रवाई हो सकती है, खासकर उन पर जो बिना अनुमति या पर्यावरण मानकों का उल्लंघन कर रही हैं।

- बोर्ड की इस कार्रवाई के बाद फैक्ट्री में उत्पादन पूरी तरह हुआ बंद, और इलाके में अन्य उद्योगों में भी हड़कंप मच गया
- टीम ने फैक्ट्री परिसर में पहुंचकर प्लांट, मशीनरी और जनरेटर को सील किया
- कानूनी केस दर्ज करने के आदेश भी जारी कर दिए

### क्या है मामला

श्री दुर्गा प्लास्टिक' इकाई बिना अनुमति चल रही थी।12 जनवरी को निरीक्षण में नियम उल्लंघन पकड़ा गया। 20 जनवरी को नोटिस, जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की गई इस दौरान प्लांट, मशीनरी और जनरेटर सीलकरबिजली-पानी कनेक्शन काटे दिए गए।

### बोर्ड की चेतावनी

बिना अनुमति कोई उद्योग नहीं चलेगा।प्रदूषण फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी और केस भी दर्ज किए जाएंगे।

## अभय चौटाला की मंडी सचिव को चेतावनी

# वापसी में ट्रैक्टर दिखे तो दिन भर कान पकड़वाकर खड़ा रखूंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- इनेलो सुप्रीमो ने किया फतेहाबाद अनाज मण्डी का दौरा, किसानों और व्यापारियों से की बातचीत

इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला बुधवार को प्रदेश की अनाज मंडियों के दौरे के तहत फतेहाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने न केवल बीजेपी सरकार की किसान नीतियों पर तीखा प्रहार किया, बल्कि मंडी सचिव को मंच से सार्वजनिक चेतावनी देकर प्रशासनिक अमले में हड़कंप मचा दिया। अनाज मंडी में किसानों को संबोधित करते हुए अभय चौटाला ने कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने कहा कि एडिशनल मंडी के बाहर ट्रैक्टरों की लंबी कतारें लगी हुई हैं और गेट बंद हैं। उन्होंने मंडी सचिव अमित रोहिल्ला को फोन पर चेतावनी देते हुए कहा, मुझे वापसी में सिरसा जाना है, अगर उस समय मुझे ट्रैक्टरों की लाइन दिखाई दी, तो सारा दिन कान पकड़वाकर मंडी के आगे खड़ा रखूंगा। इतना ही नहीं, चौटाला ने सचिव को माइक पर बुलवाया और सार्वजनिक रूप से किसानों को आश्वासन देने को कहा कि उन्हें कोई दिक्कत नहीं आएगी। उनके निर्देश पर सचिव ने माइक पर अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया ताकि किसान सीधे संपर्क कर सकें।

किसानों को संबोधित करते हुए अभय चौटाला ने कहा कि सरकार कच्ची मंडियों और खरीद केंद्रों को बंद करने की साजिश रच रही थी। आढ़तियों के लाइसेंस रिन्यू करने के बजाय कैंसिल किए जा रहे थे। चौटाला ने कहा इनेलो चौधरी देवीलाल द्वारा लगाया गया पौधा है और हम किसानों की सुविधाओं को छिनने नहीं देंगे। हमारी सख्ती के कारण ही सरकार को यूटर्न लेना पड़ा और रातों-रात आढ़तियों के लाइसेंस रिन्यू करने पड़े। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ हुई अपनी मुलाकात का जिक्र करते हुए अभय चौटाला ने कहा कि कच्ची मंडिया बंद करने व सरकार द्वारा थोपी गई शर्तों को लेकर जब उन्होंने सीएम से मुलाकात की तो सीएम ने ऐसा कोई पत्र जारी करने से इंकार कर दिया। इससे साफ है कि अधिकारी मुख्यमंत्री से बिना पूछे मनमर्जी के फरमान जारी कर रहे हैं। सीएम से मुलाकात पर कटाक्ष करने वाले अन्य राजनीतिक दलों को जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग कह रहे थे कि हम राज्यसभा चुनाव में वोट बेचने गए हैं, लेकिन असल में उनमें किसानों की लड़ाई लड़ने की हिम्मत नहीं थी।

## रोडवेज यूनियन ने नए जीएम का किया स्वागत

# 25 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर समस्याओं के त्वरित समाधान की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ की फतेहाबाद डिपो इकाई ने फतेहाबाद रोडवेज के नवनियुक्त महाप्रबंधक मनोज शर्मा का कार्यभार संभालने पर स्वागत किया। इस दौरान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर एक विस्तृत 25 सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा।

जीएम से मुलाकात से पूर्व डिपो प्रधान हनुमान वर्मा की अध्यक्षता में यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में डिपो सचिव संदीप जांडली, ऑडिटर जयबीर सिंह, उप प्रधान कृष्ण नहला और चेयरमैन राजकुमार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। प्रधान हनुमान वर्मा ने कहा कि पिछले काफी समय से प्रबंधन की अनदेखी के कारण कर्मचारियों की जायज मांगें लटकी हुई हैं, जिससे रोडवेज कर्मियों में भारी रोष है।



फतेहाबाद। नए जीएम का स्वागत कर उन्हें मांग पत्र सौंपते रोडवेज यूनियन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

यूनियन द्वारा सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया है कि वर्कशॉप में जॉब कार्ड भरने के बावजूद बसों की मरम्मत न होना, जिससे बसें रास्ते में खराब हो रही हैं। कर्मचारियों का बकाया ओवरटाइम, मेडिकल बिल, रात्रि भत्ता और 2017-18 का टीए तुरंत जारी किया जाए। इसके अलावा कर्मचारियों ने वर्कशॉप में बाहर के व्हीकल पर रोक लगाने, प्रयागराज रुट पर चले चालकों-परिचालकों का ओवर टाइम बनाने व दिलवाने, लोकल मार्गों की रोटेशन का समय 8 घंटे निर्धारित करने, वर्कशॉप में रेस्टरूम, बाथरूम की सफाई और मरम्मत करवाने, टोहाना बस स्टैंड पर डीजल पंप और सर्विस स्टेशन बनवाने, मुख्यालय के आदेशानुसार सीनियर चालकों-परिचालकों को वरीयता देने, वर्दी व जूतों का भत्ता समय पर देने, भूना, उकलाना, नरवाना, टोहाना और जाखल की परिवहन समिति की बसों का संचालन नए बस स्टैंड से करवाने सहित 25 मांगों को उठाया गया है। यूनियन के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि नए महाप्रबंधक इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे और जल्द ही प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाएंगे।

हालांकि, यूनियन ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि यदि वार्ता के माध्यम से समस्याओं का उचित समाधान नहीं निकाला गया, तो जल्द ही कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाकर बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जयबीर सिंह, कृष्ण नहला, राजकुमार, धर्मपाल, सुनील जांगड़ा, राजेश साबरवास, बलबीर नुनिया, मंजीत, विपिन, कुलदीप, सुरेश और जयसिंह सहित अनेक कर्मचारी सदस्य उपस्थित रहे।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह करने वालों पर विभाग की नजर

**सिरसा।** 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर परंपरागत रूप से बड़ी संख्या में शादियां होती हैं। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि समाज के सभी वर्ग इस बात का विशेष ध्यान रखें कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की तथा 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह न किया जाए, क्योंकि यह कानूनन अपराध है और इसके लिए सख्त सजा का प्रावधान है। अगर आपके आस पास बाल विवाह होने की जानकारी हो तो यह प्रशासन के साथ जरूर सांझा करें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. गुरप्रीत कौर ने सभी धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों से भी अनुरोध किया है कि वे विवाह संपन्न करवाते समय वर-वधू की आयु संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित करें। बिना आयु प्रमाण के किसी भी विवाह को संपन्न न करवाया जाए, ताकि बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए सरपंच, पंच, आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर सहित आम नागरिक भी अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता फैलाएं और बाल विवाह को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएं। समाज की भागीदारी से ही इस सामाजिक बुराई को समाप्त किया जा सकता है।



### समय सारिणी में बदलाव के विरोध में सांझा मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा सिरसा डिपो के पदाधिकारियों ने हिसार-दिल्ली की पुरानी चल रही समय सारिणी में बिना अनुमति बदलाव करने के विरोध में रोडवेज महाप्रबंधक कुलदीप जांगड़ा को ज्ञापन सौंपा। सुरेंद्र बैरागी सचिव, लादू राम लूणा, शेरसिंह खोड रोडवेज कर्मचारी यूनियन, पृथ्वी चाहर प्रधान एसकेएस, सुरेंद्र निरानिया प्रधान बीएमएस, प्रवीन बालसमंद सचिव रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ, अमरजीत प्रधान जागृति मंच आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि हिसार आरटीओ ने पुरानी चल रही हिसार-दिल्ली की समय सारिणी में मनमाने तरीके से बदलाव कर दिया है, जोकि प्राइवेट गाड़ियों को फायदा देने की मंशा से किया गया है। यह फैसला यात्रियों के साथ-साथ रोडवेज विभाग के लिए भी नुकसानदायक है।

### सीडीएलयू में लोकप्रशासन विभाग ने करवाई प्रतियोगिता

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के लोकप्रशासन विभाग में बुधवार को एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन एवं विभागाध्यक्ष सुल्तान सिंह ढांडा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में संगीता, सीमा और कोमल की टीम प्रथम स्थान पर रही जबकि राहुल, कंचन और रजनी की टीम द्वितीय स्थान पर रही और संतोष, दिनेश और मंजू की टीम तृतीय स्थान पर रही। उन्होंने कहा कि विभाग भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं विभाग की जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूछे गए प्रश्न मुख्य रूप से भारतीय संविधान तथा समसामयिक घटनाक्रम पर आधारित थे जिससे विद्यार्थियों के शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ उनकी सामान्य जागरूकता का भी समुचित मूल्यांकन किया जा सका। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के प्राध्यापक प्रोफेसर राजकुमार सिवाच, प्रोफेसर सत्यवान दलाल तथा प्रोफेसर विष्णु भगवान का विशेष योगदान रहा।



### ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कबड्डी में महिला कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सिरसा।** ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता में चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी की टीम ने रजत पदक हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है। इसी टीम के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा की छात्राएं खुशप्रीत कौर, अर्शदीप कौर एवं सीमा रानी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी, हिसार में हाल ही में आयोजित ऑल इंडिया सर्कल कबड्डी चैंपियनशिप 2025-26 में सीडीएलयू सिरसा ने लगातार दूसरी बार शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. कपिल सैनी ने बताया कि इस उपलब्धि के साथ बुधवार को जब टीम की कप्तान खुशप्रीत कौर, उपकप्तान अर्शदीप कौर एवं खिलाड़ी सीमा रानी महिला कॉलेज पहुंची तो महाविद्यालय परिवार द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

### जिलावासी अघोषित बिजली कटों से त्रस्त : राजकुमार शर्मा

**सिरसा।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि स्थानीय बिजली निगम प्रशासन ने अपने ही विभाग के मंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ा कर रख दी है। बिजली मंत्री अनिल विज ने हाल ही में सख्त आदेश जारी करते हुए कहा था कि यदि शहरी क्षेत्रों में 2 घंटे से अधिक और ग्रामीण क्षेत्रों में 8 घंटे से ज्यादा बिजली कटौती होती है तो संबंधित अधीक्षण अभियंता को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लेकिन, सिरसा में हालात इसके बिल्कुल उलट नजर आ रहे हैं। राजकुमार शर्मा ने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कट लगाए जा रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली निगम के अधिकारी मंत्री के आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं और मनमर्जी से कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न इलाकों में दिन के समय भी कई घंटों तक बिजली गायब रहती है। इससे न केवल घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि व्यापार और छोटे उद्योगों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। बिजली कटौती के कारण व्यापारियों का कामकाज प्रभावित हो रहा है जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## सुंदर दस्तार सजाओ प्रतियोगिता

# अमृत और गुरवीर सिंह रहे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

सिख सेवा सोसाइटी द्वारा बैसाखी के अवसर पर सुंदर दस्तार सजाओ प्रतियोगिता का गुरुद्वारा विश्वकर्मा साहिब में आयोजन किया गया। अंडर 14 एवं 18 के अंतर्गत करवाए करवाए गए दस्तार मुकाबले में क्षेत्र के स्कूली बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य इकबाल सिंह, काका सिंह लधुवास, गुरमेल सिंह सहित गुरुद्वारा विश्वकर्मा साहिब के प्रधान कश्मीर सिंह शामिल हुए। दस्तार सजाओ प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में कला प्रर्दशन का कड़ा मुकाबला देखने को मिला। सोसाइटी सदस्य हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि बच्चों को संस्कृति से जोडऩे के लिए दस्तार मुकाबले करवाएं गए है ताकि बच्चे विरासत एवं कला से जुड़े और उनको प्रेरित किया जाए। सोसायटी का प्रयास है कि भविष्य में और प्रोजेक्ट को लाया जाएगा जिसके चलते युवाओं को प्रतियोगिताओं के माध्यम से जोड़ा जाए।



### ये रहे परिणाम

अंडर 14 आयु वर्ग छात्रों में प्रथम अमृत सिंह, द्वितीय शिवकरमण सिंह गुरु नानक इंटरनेशनल स्कूल रतिया, तृतीय मनजिंद्र सिंह, आरोही माडल स्कूल जल्लोपुर एवं छात्रा प्रीत कौर ने प्रथम हांसिल किया। इसके अलावा अंडर 18 छात्रो के आयु वर्ग में प्रथम स्थान गुरवीर सिंह अर्षदीप सिंह, जश्नदीप सिंह एवं छात्रा महकदीप प्रथम स्थान पर रही। विजेताओं व अन्य सभी प्रतिभागियों प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रणजीत सिंह पंसारी, अजैब सिंह मंडेर, एडवोकेट हरजीवन सिंह, हरमनजोत सिंह शैरी, प्रिंसीपल गगनदीप सिंह, प्रीतपाल कौर, सूरज सिंह, गुरप्रीत सिंह, बलजिंद्र सिंह सेठी, मेजर सिंह आदि मौजूद रहे।

## शिक्षण संस्थानों के बाहर आवारागर्दी करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए

# महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों की अब खैर नहीं, फतेहाबाद पुलिस का कड़ा रुख

- पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फतेहाबाद पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि राह चलती महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वालों और शिक्षण संस्थानों के बाहर आवारागर्दी करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए।

महिला सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए पुलिस ने एक व्यापक रणनीति तैयार की है। महिला थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है, जो शहर के बाजारों, शिक्षण संस्थानों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर लगातार नजर रखेंगी। इस अभियान में दुर्गा शक्ति टीम, डायल 112, पीसीआर यूनिट और मोटरसाइकिल राइडर्स को सक्रिय किया गया है। इसके अलावा, शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की नियमित जांच की जाएगी ताकि असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा सके। पुलिस का लक्ष्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जहां महिलाएं बिना किसी भय के आवाजाही कर सकें।

### विशेष गश्त बढ़ाई जाए : एसपी



एसपी ने निर्देश दिए हैं कि जिन क्षेत्रों में महिलाओं की आवाजाही अधिक रहती है, वहां विशेष गश्त बढ़ाई जाए। विशेषकर स्कूल और कॉलेज खुलने एवं बंद होने के समय पुलिस की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसके साथ ही पार्कों और कोचिंग सेंटरों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। पुलिस अधिकारी समय-समय पर शिक्षण संस्थानों में जाकर छात्राओं को सुरक्षा नियमों, हेल्पलाइन नंबरों और डायल 112 सेवा के बारे में भी जागरूक करेंगे। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस ने सभी महिलाओं एवं छात्राओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की असुरक्षा महसूस होने पर या किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत पुलिस हेल्पलाइन या डायल 112 पर संपर्क करें।

